nwda.gov.in

जम्मू में मूसलधार वर्षा से आठ की मौत

- हरिद्वार व ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से नीचे
- महाराष्ट्र और गुजरात में भारी वर्षा, जनजीवन अस्त-व्यस्त

जागरण टीम, नई दिल्ली: उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में नदियां उफान पर हैं। बुधवार को जम्मू कश्मीर में मूसलधार वर्षा व भूस्खलन से कई घर ढह गए गए। कठुआ में तीन बच्चों सहित आठ की मौत हो गई। अमरनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को रामबन के चंद्रकोट में रोक दिया गया है। उत्तराखंड में दिनभर चार धाम यात्रा मार्ग बाधित होते रहे। हिमाचल में चंबा में बुधवार को भारी वर्षा से नालों में बाढ़ आ गई। मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मथुरा व आगरा में बाढ़ का पानी अब उतरने लगा है।

अतिवृष्टि ने गुजरात में राजकोट जिले के धोराजी शहर की सूरत बिगाड़ दी। अनेक क्षेत्र, घर, मोहल्ले और सड़कें भीषण जलभराव का शिकार हो गईं। एक जलमग्न क्षेत्र में वाहन इस दशा में दिखे, मानो कारें व अन्य वाहन पानी में तैर रहे हों ● एएनआइ

जम्मू-कश्मीर : जम्मू कश्मीर में मूसलधार बारिश से तवी, उज्ज, चिनाब सहित सभी नदी उफान पर हैं। कटड़ा में भारी वर्षा व भूस्खलन से मां वैष्णो देवी का बैटरी कार मार्ग और नया ताराकोट मार्ग मंगलवार रात से ही बंद है। पारंपरिक मार्ग से यात्रा जारी है।

उत्तराखंड : हरिद्वार व ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से नीचे आ गया है। पिथौरागढ़ की चीन और नेपाल से लगी सीमा पर कालापानी और गुंजी के बीच नचीती में मंगलवार रात बादल फटने से नचीती नाला उफान पर आ गया।

आगरा व मथुरा में यमुना का जलस्तर घट रहा है। आगरा शहर के निचले हिस्सों में पानी भरें होने से लोगों की परेशानियां बरकरार हैं।

हरियाणा सरकार ने राज्य के इतिहास में पहली बार बाढ़ घोषित की है। राज्य के 12 जिलों में कुल 1354 स्थानों पर बाढ़ आई है।

मुंबई में भारी वर्षा के बीच चार माह का शिशु रेलवे ट्रैक पर चल रही मां के हाथ से छूटकर नाले में जा गिरा। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।